पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से भारतीय विदश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की

लखनऊः 12 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में भारतीय विदेश सेवा के 2013 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों सुश्री सौम्या गुप्ता, श्री कनिष्क शर्मा, श्री विवेक सिंह व श्री शुभम सिंह ने भेंट किया। इस अवसर पर श्री नेतराम, महानिदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटंकर व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षु अधिकारी अपने प्रशिक्षण के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अन्य विभागों के शासकीय कार्य करने की पद्धति देखेंगे तथा जानकारी लेंगे।

राज्यपाल ने संक्षिप्त भेंटवार्ता में कहा कि विदेश सेवा के अधिकारियों की भारतीय आयात नीति में महत्वपूर्ण भागीदारी होती है। हर सेवा की अपनी विशेषता है और भारतीय विदेश सेवा देश की विशिष्ट सेवाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि विदेशों से अच्छे सम्बन्ध रखने में यह सेवा एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

श्री नाईक ने प्रशिक्षु अधिकारियों से विभिन्न देशों में चल रही महत्वपूर्ण गतिविधियों पर भी चर्चा की। उन्होंने अपनी ओर से उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके शिक्षक ने उन्हें कुछ गुरूमंत्र दिया था, जिसे आज की पीढ़ी भी आत्मसात करे तो कार्य पद्धति में बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सदैव प्रसन्नचित्त रहना, दूसरों के अच्छे कार्य की प्रशंसा करना, कभी किसी का अपमान न करना तथा कोई भी कार्य को यह सोचकर करें कि इसे और बेहतर कैसे बनाया जाय जैसे गुरूमंत्र जीवन में नया परिवर्तन ला सकता है।

राज्यपाल ने इव अवसर पर अपने जीवन के कुछ प्रंसग तथा राजनैतिक जीवन के अनुभव भी बताये।

अंजुम / रा0 / राजभवन—